## महत्वपूर्ण एवं खास

### राम सीता का मिलन पुष्प वाटिका में हुआ-तुलसीदास

**रायगढ़।** श्रीराम मंदिर बैकुण्ठपुर में चल रहे श्रीराम कथा के तीसरे दिन के कथा प्रसंग में तुलसी महाराज ने पुष्प वाटिका की कथा को विस्तार से कहते हुए उन्होंने बताया कि पुष्प वाटिका जनक महराज जी की है। अशोक वाटिका रावण की है। यह वाटिका मोह की वाटिका है। मोह वाटिका में हनुमान जी के आगमन होता है और भक्ति की वाटिका में केवल फूल है और मोह वाटिका में केवल फल है जो हनुमान जी खाते है। भक्ति वाटिका का मालिक माली होता है और मोह वाटिका का रक्षक काम, क्रोध, लोभ, मद है। ये चार रक्षक है। हनुमान जी ज्ञानी है। ज्ञान के द्वारा लाभ, मोह, मद, क्रोध को परास्त कर दिया। रावण के पास चार सेना है। भट सुमर महाभट तथा दारून मट इन चारों को हनुमान के द्वारा संहार किया गया। एक दिन विश्वामित्र जी राम व लक्ष्मण को बोले जाओ फूल लेकर आओ पूजा करूंगा दोनो भाई पुष्प वाटिका में फूल लेने गए फूल लेने के पहले मालिक से पूछना पड़ता है। तब फूल तोड़ा जाता है। पुष्प वाटिका का मालिक माली था माली से पूछा मेरे गुरूजी को पूजा करना है।फूल चाहिए तो माली ने कहा यहां फूल नहीं मिलेंगे यह सीता का वाटिका है। बहुत देर तक एक दूसरे को देखते रहे बहुत देर बाद माली ने कहा फूल तोड़ लो। कुछ देर बाद सीता की दासी दोनो राजकुमारी को फूल तोड़ते हुए देखकर जाकर सीता से बोली वाटिका में दो सुंदर राजकुमार फूल तोड़ रहे है। तब सीता दासी के साथ वाटिका आयी लेकिन वाटिका में कोई नहीं दिखा वाटिका के अंदर एक मंदिर था जहां सीता पूजा करती है। सीता को नहीं मालूम था कि लक्ष्मण राम जी को फूलों से सजा रहा है। उसी प्रकार यह विश्व वाटिका में जीव और माया का मिलन होता है इस वाटिका का तुलसी बाबा ने अध्यात्म में बताया कि रामचरित मानस एक अध्यात्मिक ग्रंथ है। यदि इस ग्रंथ को प्रतिदिन अध्ययन करता है तो उसकी नइया पार होने में संशय नहीं है।

### 22 एवं 23 अप्रैल को प्रिन्ट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

**रायगढ़।** निर्वाचन आयोग की ओर से इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया के साथ ही प्रिन्ट मीडिया के लिए भी दिशा-निर्देश दिए गए है। तृतीय चरण के मतदान के दौरान मतदान दिवस 23 अप्रैल और एक दिन पूर्व 22 अप्रैल को प्रिन्ट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापन का अधिप्रमाणन (प्री-सर्टिफिकेशन)जिला स्तरीय या राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से आवश्यक है। प्रिन्ट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक पार्टी, अभ्यर्थी या अन्य संस्थान के राजनीतिक विज्ञापन का प्री-सर्टिफिकेशन आवश्यक होगा।

### सेक्टर अधिकारियों की बैठक 20 अप्रैल को

**रायगढ।** लोकसभा निर्वाचन 2019 हेतु मतदान केन्द्रों के प्रभावी रूप से पर्यवेक्षण और नियंत्रण करने सी-टॉप्स आदि के संबंध में 20 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से सृजन सभाकक्ष, रायगढ़ में बैठक आहूत की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने समस्त सेक्टर अधिकारियों को नियत तिथि एवं समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

### टिमरलगा में 27 अप्रैल को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**रायगढ।** जनपद पंचायत सारंगढ़ के ग्राम-टिमरलगा में 27 अप्रैल को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

# रायगढ़ के कई सफेदपोश टिमरलगा के काले-कारोबार के हैं,सरगना

## चल रहे खदानों का हुआ सीमांकन,तो सफेद लिबास में छिपे कई समाज सेवियों के काले कारनामे होंगे उजागर






**रायगढ़। पिछले दिनों टिमरलगा में हुई जिला-प्रशासन की कार्यवाही के बाद कई चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। खनिज माफ़िया अमृत पटेल के अवैध खदान की पोल खुलने के साथ ही और भी कई अवैध खदानों की जानकारी निकल कर सामने आई है।**

उल्लेखनीय है कि टिमरलगा में अवैध खदानों का खेल बीते कई वर्षो से चल रहा है,और इसकी पूरी जानकारी खनिज विभाग को पहले से ही है। सूत्रों की माने तो ये पूरा अवैध कारोबार खनिज विभाग की सरमायेदारी में ही चल रहा है,बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में तक़रीबन 300 छोटे-बड़े ऐसे अवैध खदान संचालित हो रहे है,जिसकी पूरी जानकारी माईनिंग डिपार्टमेंट को है,लेकिन विभाग सारी जानकारी होने के बाद भी आँख बंद किये हुए है।

दरअसल टिमरलगा में चल रहे इस पूरे काले-कारोबार के पीछे रायगढ़ के कई तथाकथित सफेदपोशों का हाथ हैं,जिन्होंने जमीनें लेकर वहां उत्खनन शुरू किया है,इनमें से ज़्यादातर लोगों के पास माईनिंग से लीज ही नही है,और जिनके पास लीज है,वो अपनी ज़मीन के अलावे अवैध रूप शासकीय भूमि पर खनन कर रहे हैं। बता दें कि सैकड़ों एकड़ सरकारी जमीनों से इन तथाकथित समाजसेवियों ने लाखों टन लाइम-स्टोन और डोलोमाइट निकाल कर गड्ढों में राख भर दिया है। गौरतलब है कि अगर जिला प्रशासन अवैध उत्खनन करने वाले अवैध खदानों पर लगाम लगाना चाहता है तो टिमरलगा में घुसकर कार्यवाही करनी होगी,साथ ही वहां के पटवारी,आरआई,और तहसीलदार के जरिये हरेक खदान के जमीनों का सीमांकन करवाना होगा,असलियत खुद सामने आ जायेगी,और सफेद लिबास में छिपे कई समाजसेवियों के काले चेहरे उज़ागर हो जाएंगे।

# प्रसव पीड़ा से अस्पताल में तड़पती रही महिला, जमीन पर ही दिया शिशु को जन्म!

## परिजनों के बार-बार बुलाने पर भी न डॉक्टर पहुँचे न ही नर्स




**सारंगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सारंगढ़ में प्रसव पीड़ा होने पर गर्भवती महिला को सुबह 10 बजे परिजनों ने भर्ती कराया प्रसूता गृह में कुछ देर बाद महिला को तेज प्रसव पीड़ा हुई तो उनके साथ गर्भवती महिला की मां के साथ लक्ष्मी बरेठ ने नर्स को चलकर जांच करने का निवेदन किया लेकिन उपस्थित नर्सों ने बुलाने आई महिला को ही झिड़की लगाते हुये 4 घंटे बाद देखेंगे अभी डिलीवरी नही होगा बोलकर वापस नर्स ड्यूटी कक्ष में आ गई इस बीच दर्द से कराहती गर्भवती माता की प्रसूता भर्ती वार्ड के फर्स के नीचे बैठ कर तड़पती रही जिसको देखकर फिर लक्ष्मी बरेठ दौड़ते हुए पुनः नर्सों के पास पहुँची और हालात के बारे फिर बताया तब कहीं नर्स अपना कुर्सी छोड़ कर प्रसूता कक्ष में गई लेकिन जाने से पहले ही गर्भवती ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दे चुकी थी जिसको उसके परिजनों ने उठाया बच्चा होने के बाद भी शिशु एवं मां का स्वास्थ्य जांचने नही पहुँची महिला चिकित्सक डॉ त्रिपाठी।

ज्ञातव्य है कि इसके पूर्व भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में लापरवाही का मामला सामने आ चुकी है लेकिन इस बार की लापरवाही ने मानवता को शर्मशार कर दिया है क्योंकि प्रसूता की पीड़ा को दर किनार कर ड्यूटी में रही नर्सों ने लेबर रूम में ले जाना भी उचित नही समझा और अंततः प्रसव पीड़ा बढ़ने पर भर्ती वार्ड में बिना डॉक्टर बिना नर्स के अकेली महिला श्रीमती पुष्पा बरेठ पति रविशंकर बरेठ 23 वर्ष ग्राम सुलोनी ने तड़पते हुये शिशु को जन्म दिया।

# आचार संहिता में आबकारी विभाग ने कायम किये 100 प्रकरण



**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन में कलेक्टर रायगढ़ श्री यंसवत कुमार एवं सहायक आयुक्त आबकारी, श्री दिनकर वासनिक, ने अवैध शराब के विरूद्ध सघन कार्यवाही करने स्टॉफ को निर्देसित किया है।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री इन्द्रबली सिंह मारकण्डेय एवं श्री रमेस कुमार अग्रवाल को कार्यालय में बरमकेला के ग्राम- गोबरसिंघा में उड़ीसा से तस्करी कर शराब बेचे जाने की सूचना मिली। अधिकारियों की सूचना पर बरमकेला आबकारी उप निरीक्षक, श्री सी.एस. नेताम ने तत्काल कार्यवाही की और गोबरसिंघा भुवनेष्वर साहू को अपने घर से 3 बोतल हण्टर बीयर और 14 पाउच महुआ शराब बेचते रंगेहाथों पकड़ा। शराब की बोतलों के लेबल पर ''थ्वतैंसम पद व्कपीं वदसलस् लिखा पाया। आरोपी को उड़ीसा राज्य से तस्करी कर शराब बेचने पर आबकारी एक्ट की धारा 34 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया जा रहा है। टीम में आबकारी आरक्षकों श्री दसराम सिदार, भेखराम पटेल और संजीत सरकार की सराहनीय भूमिका रही।

लोकसभा आचार संहिता के दौरान रायगढ़ के आबकारी विभाग ने कुल 100 प्रकरण कायम किये है, जिसमें कुल 262 लीटर देसी, विदेसी, बीयर और महुआ शराब के साथ 3 टन महुआ लाहन जप्त किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

**मुख्य बिन्दु**

**पीड़ित संपर्क करें**

**अन्य बिन्दु**

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

**CAREER SCHOOL**

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

**ADMISSION OPEN**

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%

Topper Students Last Session

Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Aayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%



Join CAREER...

**Major Facts**

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL ENGLISH MEDIUM BEHIND STADIUM STREET RAIGARH C.G. 07762-221359

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् ख़बरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480